संख्या-15/2020/170 ई-2/तेरह-2020-79/2017

प्रेषक

कृपा शंकर शुक्ल,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
आगरा।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 31 जनवरी, 2020

विषयः- होटल जिज्ञासा पैलेस जे. पी. रेस्टोरेन्ट, 16/1 सदर भट्टी, कलेक्ट्रट आगरा को एफ.एल.-6 (समिश्र) बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को सम्बोधित अपने पत्र सं.-189/19/जि.आ.आ./आगरा/एफ.एल.-6 (समिश्र), दिनांक 20.12.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में आपके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 20.12.2019 द्वारा उपलब्ध कराई गई जिला बार समिति की रिपोर्ट एवं की गई संस्तुति तथा आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-जी-212/दस-लाइसेंस-12/एफ.एल.-6-7/बार अनु./जिज्ञासा पैलेस/आगरा, दिनांक 14.01.2020 द्वारा उपलब्ध कराई गई संस्तुति पर सम्यक् विचारोपरान्त होटल जिज्ञासा पैलेस जे.पी. रेस्टोरेन्ट, 16/1 सदर भट्टी, कलेक्ट्रट आगरा को एफ.एल.-6 (समिश्र) बार अनुज्ञापन एतद्द्वारा इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि प्रश्नगत रेस्टोरेन्ट अग्निशमन यन्त्र पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में होंगे व अग्निशमन विभाग की अनापत्ति जिन शर्तों/प्रतिबन्धों के साथ दी गयी है, इकाई द्वारा उनका पूर्णरूप में अनुपालन किया जायेगा। इकाई द्वारा सी.सी.टी.वी. कैमरे एवं हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सुसज्जित सुरक्षा कर्मियों की समुचित/पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी।

तदनुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कृपा शंकर शुक्ल)
संयुक्त सचिव।

संख्या- 15/2020/170 ई-2/तेरह-2020 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र संख्या-जी-212/दस-लाइसेंस-12/एफ.एल.-6-7/बार अनु./जिज्ञासा पैलेस/आगरा, दिनांक 14.01.2020 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(कृपा शंकर शुक्ल)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in